[श्री हुकमदेव नारायण यादव]

मिल रही है, इसीलिए वह सदन के काम में भाग नहीं लेंगे । तो जब एक मेम्बर को अधिकार है कि ज्यूंही वह मेम्बर बने, उसको मकान की सुविधा मिले, मुझे जानकारी है कि जो गैर-मेम्बर लोग हैं जो किसी भी सदन के सदस्य नहीं हैं, वह संसद् सदस्यों के आवास में अनधिकृत रूप से, जबरदस्ती रह रहे हैं, या रखवाए गये हों, या किसी पैरवी से रह रहे हैं, किसी के कहने से रह रहे हैं ।

तो एक तरफ गैर-सदस्य अनधिकृत रूप से संसद् सदस्यों के आवास में रह रहे हैं और दूसरी तरफ संसद् सदस्य जिनको अधिकार है कि उनको आवास मिले, उनको आवास नहीं मिल रहा है । इसी कारण से वह सदन की कार्यवाही से बाहर रहे हैं और उन्होंने पत्र लिख करके चेयरमैन साहब को दे दिया है ।

तो कितने बड़े अधिकार का हनन हो रहा है । ऐसी हिदायत दी जाए कि इस तरह से न हो. . . (**व्यवधान**)

श्री उपसभापति : अब इसके लिए तो चेयरमैन, हाऊसिंग कमेटी को मिल कर के तय कर सकते हैं । इसमें सदन क्या कर सकता है ।

श्री रामेश्वर सिंह (उत्तर प्रदेश) : मेरा व्यवस्था का प्रश्न यह है कि कल पाकिस्तान से जो दस आदमी आए हैं, उनका फोटो छपा है ।

श्री उपसभापति : यह कोई व्यवस्था का प्रश्न नहीं है ।

श्री रामेश्वर सिंह : आप एक मिनट तो सुनिये ।

श्री उपसभापति : एक सेकण्ड भी नहीं मिल सकता है । इसकी परमिशन नहीं दी है । कोई व्यवस्था का प्रश्न नहीं है ।

श्री रामेश्वर सिंह : आप सुन लीजिए ।

श्री उपसभापति : जी नहीं, मैं नहीं सुनता । . . . (**व्यवधान**) इसमें कोई व्यवस्था का प्रश्न नहीं उठता है । आपका तो अव्यवस्था का प्रश्न है ।

श्री रामकृष्ण हेगड़े : (कर्णाटक) : आप चुप रहें, तो हो जाता है ।

श्री उपसभापति : इसमें व्यवस्था का कोई प्रश्न नहीं है । जबरदस्ती आप कुछ बातों को सदन में कहना चाहते हैं, जिसके लिए आपने इजाजत नहीं ली है और जब मैं आपको इजाजत नहीं देता, तो आपकी बात नहीं लिखी जाएगी ।

श्री रामेश्वर सिंह : मेरी बात एक मिनट सुनिये ।

श्री उपसभापति : मैंने आपकी बात सुन ली है । आपकी बात नहीं लिखी जाएगी ।

श्री रामेश्वर सिंह : *

श्री उपसभापति : देखिये, प्वाइंट आफ आर्डर में रूल आऊट करता हूं । लेकिन कुछ सदस्य हैं जो मेरी व्यवस्था को किसी भी समय मानने के लिए तयार नहीं हैं । उनके ऊपर उनकी पार्टी का या दल के नेता का भी नियंत्रण नहीं है ।

मैं यह बड़े दुख के साथ कहना चाहता हूं कि आप बैठ जाइये । सारा सदन देख रहा है । मैं आपसे सहयोग चाहूंगा । आप बैठ जाइये ।

श्री रामेश्वर सिंह : *

CALLING ATTENTION TO A MATTER OF URGENT PUBLIC IMPORTANCE

Reported spurt in smuggling activities on the West Coast of the country

श्री सदाशिव बागाईतकर (महाराष्ट्र) : मैं आपकी अनुमति से देश के पश्चिमी तट पर तस्करी की गतिविधियों में तेजी से वृद्धि होने के समाचार और इस बारे में सरकार द्वारा की गई कार्यवाही की ओर वित्त मंत्री का ध्यान दिलाना चाहता हूं ।

*Not recorded.

Sir, before the hon. Minister makes the statement, I would like to make a submission. The notice which I had given was something different from what has been printed in the List of Business. This is what I would like to bring to your notice. In; the notice which I had given...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You have given so many subjects.

SHRI SADASHIV BAGAITKAR: It is all related. I had also mentioned collusion between the administration and the smugglers.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: All these things are covered in this.

SHRI SADASHTV BAGAITKAR: What I would like to say is, the original notice has been changed. This is what I would like to bring to your notice.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: This is always done. You have mentioned so many things. They have framed ii in this way so that everything is covered. Whatever you have said has been covered here.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI SAWAI SINGH SISODIA): Mr. Deputy Chairman, Sir, according to reports received by Government, the West Coast of India continues to be vulnerable to smuggling during 1981,, out of the total value of smuggled goods seized all over the countr which amounted to about Rs. 40 crores the Customs Collectorates having jurisdiction along the West Coast accounted for about Rs. 19 crores i.e. about 47 per cent. During the first five months of 1982, out of the all India seizure figure of about Rs. 31 crores the West Coast region accounted for about Rs. 19 crores which works out to about 63 per cent. The principal items seized in the region were; gold, wrist watches, diamonds, synthetic fabrics, electronic goods and silver.

The problem posed by smuggling to the economy has constantly engaged Government's attention. Towards implementing Point No. 19 -of the New 20-Point Programme which calls for continued strict action against smugglers, hoarders and tax evaders, Government have formulated a Plan for Action to intensify the anti-smuggling drive during 1982.

The West) Coast of India has been identified as one of the areas vulnerable to smuggling and under the Action Plan the preventive and intelligence machinery of the Customs Department in the region is being strengthened.

A three-tier system of preventive control is exercised along the entire West Coast. Apart from intensive sea patrolling with sophisticated spec boats conducted by the Customs staff in conjunction with the Coast Guard, the three-tier system comprises Shore Guard parties which regularly patrol the coastal areas, road checking parties which guard the feeder roads to the coastline to check vehicular traffic and town preventive units which conduct regular raids and searches on the basis of information and intelligence to unearth smuggled goods in towns and cities. The entire West Coast is also covered under the Customs tele-communication network for the speedy and secret transmission of (information relating to smuggling activities. The assistance of State Governments in the region and other sister enforcement agencies like Coast Guard and State Police authorities is also enlisted to take co-ordinated action against 'smuggling.

The pattern of smuggling along the West Coast is being kept under close and constant watch and remedial action by way of re-deployment of the preventive force and anti-smuggling equipment wherever called for is being undertaken to meet the situation.

श्री सदाशिव बागाईतकर : श्रीमन्, यह तस्करी की जो समस्या है वह कितनी भयंकर है इस के बारे में मन्त्री जी का यह निवेदन पढ़ने के बाद मुझे लगता है कि उसका सही मूल्यांकन उन्होंने किया ही नहीं है। अभी-अभी 26 जून को बम्बई में देश भर

[श्री सदाशिव बागाईतकर]

के कस्टम कलेक्टर्स की जो मीटिंग हुई, जिस में आप भी उपस्थित थे और वित्त मन्त्री भी उपस्थित थे, तो उस में स्वयं मन्त्री जी ने इस को स्वीकारा है कि तस्करी को जो बढ़ावा मिला है वह बड़े पैमाने पर है और स्थिति इतनी भयंकर है कि तस्करी में 1977-78. . . . .

संसदीय कार्य विभाग में उप मंत्री (श्री कल्पनाथ राय) : जनता पार्टी के राज में.

श्री सदाशिव बागाईतकर . . . .के साल में जिस पैमाने पर वह आता था उस से चौगुना आज बढ़ौतरी हुई है। पार्लियामेंटरी डिपुटी मिनिस्टर साहब कह रहे हैं कि जनता पार्टी के समय बढ़ा। जो उन्हें कहना है वह कहें, लेकिन ढाई साल से आप राज कर रहे हैं और इस का कोई सबूत नहीं है कि तस्करी कम हुई है।

श्री कल्प नाथराय : सभी तस्करों को छोड़ दिया था जनता पार्टी ने।

श्री सदाशिव बागाईतकर : बखिया का आप ने क्या किया? बखिया को किस ने छोड़ा? सब सामने आ गया है। इस लिए मैं समझता हूं कि वित्त मन्त्री ने बम्बई की मीटिंग में जो बयान दिया उस के बारे में टीका-टिप्पणी तथा अखबारों ने की है जहां एक तरफ वित्त मंत्री ने कहा कि सख्ती से सरकार निपटेगी. . .तस्करी से, वहां स्वयं मन्त्री जी ने कबूल किया है कि तस्करी में बड़े पैमाने पर बढ़ौतरी हुई है।

दूसरी बात मैं आपके सामने यह रखना चाहता हूं कि क्या यह सही है कि सिर्फ सोने और दूसरी चीजों की तस्करी में ही बढ़ोतरी नहीं हुई है, दो-ढाई साल में जो रिस्ट वाचेज हैं उनकी तस्करी भी बड़े पैमाने पर बढ़ी है? साथ साथ तस्करी की भयानक स्थिति निबटने के लिए जो आप वेस्ट-कोस्ट पर उपाय करने जा रहे हैं, जिन का आप ने उल्लेख किया है, उस सम्बन्ध में मैं एक बात आप के सामने रखना चाहूंगा कि क्या यह सही नहीं है कि कच्छ का पूरा 200-250 मील का क्रीक का इलाका है, वहां कोई उपाय आप की तरफ से नहीं हो रहा है और दिन-दिहाड़े तस्करी के सामान का लाना-ले जाना बड़ी आसानी से वहां पर हो रहा है। वहां पर जो आप के कस्टम आफीसर्स हैं वह इतनी थोड़ी संख्या में हैं कि वह कोई कारगर उपाय कर नहीं सकते। यह भी आप के सामने आ गया है। आप ने कस्टम आफीसर्स को जो साधन दिए हैं वह बहुत निकम्मे हैं और उन से कई गुना ज्यादा अच्छे साधन, स्पीडबोट वाकी-टाकी हथियार, दीव-दमन के स्मगलर्स के पास हैं। इन कस्टम आफीसर्स से आप इसका कण्ट्रोल करना चाहते हैं। स्मगलर्स के पास अच्छे किस्म का सामान है और उन का मुकाबला करना आप के अधिकारियों के लिए मुश्किल हो गया है। यह स्थिति है। जिस पैमाने पर तस्करी बढ़ रही है उस का अगर आप को सही अन्दाजा नहीं है तो उसका मुकाबला करने के लिए आप कारगर उपाय नहीं कर पायेंगे। अकेले सोने की बात करें तो यह हिसाब लगाया गया है कि बम्बई में 25 हजार तोला सोना बेचा जाता है। उसमें से 10 हजार तोला स्मगलिंग का रहता है। इतने बड़े पैमाने पर बम्बई जैसे शहर में तस्करी चलती रहती है। आंकड़ा यह है कि इस साल के अन्दर-अन्दर अकेले सोने को लेकर 2550 करोड़ तक की तस्करी होने जा रही है क्योंकि अकेले बम्बई शहर में 500-700 करोड़ रुपए का सोना आ रहा है। यह स्थिति थी एक जमाने में कि महीने में दो-चार मर्तबा जिस को उन की भाषा में उन की जार्गन में लैण्डिग कहते हैं वह होती थी। अब यह स्थिति है कि पूरे वेस्टकोस्ट में तीन-चार लैण्डिग एक दिन में हो रही है। उस में सोना आ रहा है। उन में बड़े पैमाने पर घड़ियां आ रही हैं, बड़े पैमाने पर वीडियो या दूसरी तरह के इलेक्ट्रोनिक्स आ रहे हैं। साथ साथ जो आर्टीफिशियल फाइबर है, कपड़ा है, वह भी ट्रक के ट्रक भरकर इधर-उधर किया जाता है बड़े पैमाने पर। उस

का भी तस्करी में समावेश हो गया है। जो आप लोग माल डिटेक्ट करते हैं, आप के कस्टम अधिकारियों का जो स्टैण्डर्ड है उस के मुताबिक कहा जाता है कि वह स्मगलिंग का मुश्किल से 10 परसेंट होता है। अखबार में जो हम पढ़ते हैं कि इतना माल अधिकारियों ने पकड़ा तो वह कुल मिला कर मुल्क भर में—वेस्ट कोस्ट में जो भी रहा होगा—मुश्किल से 10 परसेंट होता है। श्रीमान, कितना बड़ा खतरा देश के आर्थिक ढांचे को उत्पन्न हो रहा है जब यह स्वीकार किया जा रहा है कि साल भर के अन्दर स्मगलिंग की इकोनोमी में 10 हजार करोड़ के आसपास पैसा उपलब्ध होने जा रहा है। यह आंकड़े हैं। तो मैं मन्त्री जी से यह जानना चाहता हूं कि आप ने जो बयान दिया है उस में पश्चिमी तट की तरफ ज्यादा ध्यान दिया गया है लेकिन वहां की इन हकीकतों को आप ने नजर अंदाज कर दिया है। और यह मामला सिर्फ पुलिस और कस्टम का ही नहीं है। मेरा तो सरकार पर आरोप है कि सरकार के पास तस्करी को रोकने के लिये जो पोलिटिकल विल होनी चाहिए, जो राजनीतिक इच्छा शक्ति, जो संकल्प होना चाहिए उस का ही अभाव है और इसी लिये तस्करी को रोकना तो दूर रहा तस्करी दिन ब दिन बड़े पैमाने पर पूरे देश में बढ़ रही है और उसे ग्रस्त कर रही है। और यह खाली पश्चिमी तट का ही सवाल नहीं है आप जानते हैं कि गोरखपुर, बस्ती और नैपाल के बार्डर के इलाके में कितने भयंकर पैमाने पर यह तस्करी जारी है और सरकार के पास कोई राजनीतिक इच्छा शक्ति उस को रोकने की नहीं है। सरकार की ओर से ऐसा भी कोई प्रयत्न नहीं किया जा रहा है कि तस्करी करने वालों के मन में किसी प्रकार का डर पैदा हो। अभी अभी जो गोआ में बखिया का काण्ड हुआ उस से एक बात साफ हो गयी कि सरकार के अलग अलग जो अंग हैं उन में आपस में कोई कोआर्डिनेशन नहीं है। आप के एक दफ्तर के लोग वारण्ट लेकर जाते हैं और दूसरे विभाग के लोग उस को छोड़ देते हैं। इस तरह की जो घटना हुई उस के बाद जो वहा का चीफ जेलर था वह भी पकड़ा गया है और उसके घर में सोना पकड़ा गया है। जो कुछ मैं कह रहा हूं उस से एक बात यह साफ हो जाती है कि तस्करी की बढ़ोतरी हो रही है और एडमिनिस्ट्रेशन का एक बड़ा हिस्सा उस के साथ है। आप की कस्टम और पुलिस उसके साथ है और मैं साफ शब्दों में कहना चाहता हूं कि राजनीतिक प्रश्रय भी उन को बड़े पैमाने पर मिल रहा है और इस कारण से तस्करी करने वाले लोग इतने निर्भीक हो गये हैं कि वे दिन में खुले आम कच्छ के सारे इलाके में दिनदहाड़े अपना सारा काम कर रहे हैं और उन की रोकथाम का कोई उपाय सरकार के पास नहीं है। सरकार सिर्फ देखती रहती है। तो इसलिये मैं मन्त्री महोदय से जानना चाहता हूं कि आप बाकी सारे उपायों की चर्चा कर सकते हैं कि आप उनको स्पीड बोट देंगे बाकी टाकी का सामान देंगे, और दूसरी चीजें देंगे लेकिन जो इच्छा शक्ति का अभाव राजनीतिक क्षेत्र में आया है उस का बंदोबस्त आप कैसे करेंगे ? और इस के संबंध में एक उदाहरण मैं जरूर देना चाहूंगा। उस का उदाहरण यह है कि अभी-अभी कुछ दिन पहले गुजरात सरकार के राज्य मंत्री श्री खंबोजा जी ने एक स्टेटमेंन्ट में कहा है—और वह अखबारों में आया है, गुजराती और मराठी अखबारों में आया है जिस में उन्होंने कहा है कि गुजरात प्रदेश कांग्रेस कमेटी के जो एक्टिंग प्रेसीडेन्ट हैं डा० महीपत मिश्र, जो दूसरे सदन के सदस्य भी हैं, उन्होंने गवर्नर को खुली चिट्ठी लिख कर दो स्मगलर्स की रिहाई की मांग की है। यह स्टेट मिनिस्टर का बयान है। दो हफ्ते पहले दो स्मगलर्स जो पकड़े गये थे उन्होंने जो बयान दिया है उसमें उन्होंने फिर उन का नाम दे दिया है कि उन की तरफ से

[श्री सदा शिव बागाईतकर]

हम को मदद मिलती है। तो ऐसे कितने ही उदाहरण हैं और इस लिये मैं कहना चाहता हूं कि पश्चिमी तट पर क्या और नेपाल बार्डर पर क्या और पंजाब की सरहद पर क्या इस तस्करी को रोकने के लिये राजनीतिक इच्छा आप कहां से लायेंगे और रूलिंग पार्टी के लोग भी अगर उस में हिस्सेदार हो जायेंगे तो तस्करों का बंदोबस्त कैसे होगा। कला-धरी ब्रदर्स का क्या हुआ? बखिया का क्या हुआ? यह सब आप के सामने है। इस लिये अगर सरकार की सारी राजनीतिक और शासक दल कटबैंक को हासिल करने की कोशिश में तस्करों के साथ सांठगांठ बना कर चलता रहेगा तो मैं नहीं समझता कि तस्करों के लिये कोई उपाय हो सकता है। तस्कर सिर्फ किनारों पर घूमते हैं, ऐसी बात नहीं है। कुछ हफ्ते पहले बखिया के ब्रदर इन लॉ दिल्ली के एक 5 स्टार होटल में पकड़े गये। उसके पास जो ट्रांजेक्शन्स उसने दो महीने में किये थे उसका पूरा हिसाब मिल गया और इस दो महीने के अन्दर उसने 45 करोड़ रुपये का सोना इधर से उधर करने का काम किया। इसका पूरा नोटिंग उसके साथ पकड़ा गया। मैं सरकार से जानना चाहता हूं कि आपने इस पर कोई उल्लेख नहीं किया सरकार अगर कड़ाई से इसको रोकना चाहती है तो सरकार ने जो कानून बना रखा है कंफिस्केशन का कानून, क्या सरकार इसके लिए तैयार है कि किसी भी स्मगलर को जब स्मलिंग में पकड़ा जाएगा तो सरकार उसकी सारी सम्पत्ति को अपने कब्जे में ले लेगी उसको कंफिस्केट करेगी और आज जो कानून है उसकी धाराओं में जो एंटिसिपेटरी बेल उनको मिल जाती है या उनको जेल में आप रखते हैं उससे कोई लाभ नहीं है क्योंकि जेल के अन्दर वह जैसा व्यवहार करते हैं उससे उनका कुछ नहीं बिगड़ता है। मेरा सवाल यह है कि जो स्मलिंग करने वाले लोग हैं उनकी प्रापर्टी कंफिस्केट सरकार करेगी और जो बाकी लोग उनके साथ मिले हुए हैं उन पर आप कड़ी कार्यवाही करने के लिए तैयार हैं? इसके साथ ही राजनीतिक संकल्प शक्ति बनाने के लिए आप क्या उपाय करेंगे क्योंकि इसका कोई उल्लेख आपके बयान में नहीं है। आप अपने वक्तव्य में उसका भी उल्लेख करें।

श्री सवाई सिंह सिसोदिया : श्रीमन् माननीय सदस्य ने जो कालिंग अटेंशन नोटिस दिया है उसमें खास तौर पर शासन का ध्यान वेस्ट कोस्ट में स्मलिंग ऐक्टिविटीज और उसके लिए सरकार द्वारा उठाये जाने वाले कदमों की ओर दिलाया है। लेकिन उन्होंने जो प्रश्न उठाये हैं उसमें वेस्ट कोस्ट को छोड़कर, अन्य ..... (व्यवधान)

श्री सदाशिव बागाईतकर : श्रीमन् मैंने गुजरात के लोगों की चर्चा की। वह वेस्ट कोस्ट का हिस्सा है।

श्री सवाई सिंह सिसोदिया : पहले पूरी बात सुन लीजिए। अगर कोई बात रह जाए तो फिर बोलिए। वेस्ट कोस्ट को छोड़कर दूसरे क्षेत्रों का भी उन्होंने जिक्र किया है। मैं अपने उत्तर को विशेष तौर पर वेस्ट कोस्ट के बारे में जो जानकारी चाही है उस तक ही सीमित रखूंगा।

श्रीमन्, माननीय सदस्य ने अनेक प्रश्न उठाये हैं। जिन महत्वपूर्ण मुद्दों की ओर ध्यान आकर्षित किया है उसमें सबसे पहला प्रश्न यह है कि तस्करी बड़े व्यापक पैमाने पर फैल रही है। गोल्ड और वाचेज की स्मलिंग का उन्होंने उल्लेख किया। उन्होंने यह बताया है कि शासन के जो संबंधित महकमे हैं उनके पास साधन अच्छे नहीं है और राज-

नीतिक इच्छा शक्ति का अभाव है। बखिया को भी उन्होंने याद किया अपने प्रश्न में और गुजरात के किसी राज्य मंत्री के वक्तव्य का भी उल्लेख किया है। आखिर में उन्होंने इस बात का जिक्र किया है कि जो स्मगलर हैं उनकी प्रापर्टी को कंफिस्केट करना चाहिए।

श्री रामेश्वर सिंह (उत्तर प्रदेश) : गवर्नमेन्ट ही स्मगलर हो तो क्या होगा?

श्री सवाई सिंह सिसोदिया : श्रीमन् मैं सबसे पहले इस बारे में निवेदन करना चाहता हूं कि शासन इस बात के लिए सजग और सतर्क है कि तस्करी का फैलाव हो रहा है। हम इससे इंकार नहीं करते। उन्होंने बम्बई की एक कांफेन्स का भी हवाला दिया। मैं भी उस कांफेन्स में मौजूद था जो कस्टम कलक्टर्स की कांफेन्स थी और यह कांफेन्स भी इसलिए की गई थी कि कस्टम्स और दूसरे अधिकारी से विशेष तौर पर ताकीद की जाए कि इस दिशा में वह ऐडमिनिस्ट्रेटिव, लेजिस्लेटिव के साथ-साथ दूसरे जो भी कदम उठाये जा सकते हैं वह उठायें। एक पांच-सूत्री कार्यक्रम इसके लिए बनाया है। उस कार्यक्रम की पूर्ति के लिए, उनको अलर्ट करने के लिये, उनको जागृत करने के लिए, उनको सावधान करने के लिए, उनको दिशा निर्देश देने के लिए, इस प्रकार की कांफेन्स की गई। और उसके परिणाम पहले भी अच्छे हुए और हम को उम्मीद है कि जो तस्करी का फैलाव हो रहा है उसको रोकने में शासन सक्षम है और उसमें सफल होगा।

जहां तक इनके प्रश्न हैं गोल्ड और वाचेज के बारे में वह मैं जानकारी सदन के सामने रखना चाहता हूं। 1979 से 1982 तक के आंकड़े मेरे पास उपलब्ध हैं उनको माननीय सदस्य की जानकारी के लिये मैं प्रस्तुत करना चाहता हूं। 1979 में स्मगलर्स से जो गोल्ड जब्त किया गया है वह 112 लाख की कीमत का था। 1980 में 85 लाख का, 1981 में 190 लाख का और 1982 मई तक 568 लाख का गोल्ड उनसे जब्त किया गया। इसी तरह से वाचेज के बारे में जो आंकड़े मेरे पास हैं वे मैं प्रस्तुत करना चाहता हूं। 1979 में 221 लाख की कीमत की घड़ियां जब्त की गईं। 1980 में 217 लाख की, 1981 में 259 लाख की और 1982 मई तक 193 लाख की वाचेज जब्त की गई। सिंथेटिक फाइबर, सिल्वर, डाइमंड और अदर आइटम्स हैं उनके बारे में भी माननीय सदस्य को जानकारी प्रस्तुत करना चाहता हूं। 1979 में 24 करोड़ 83 लाख का कुल माल जब्त हुआ। 1980 में 33 करोड़ 50 लाख का, 1981 में 18 करोड़ 79 लाख और मई, 1982 तक 19 करोड़ 83 लाख के सिंथेटिक फाइबर्स, सिल्वर, डाइमंड आदि पकड़े गये। इन आंकड़ों से पता चलेगा कि जहां तक शासन के संबंधित विभाग, अधिकारी और कर्मचारियों का सवाल है उनको पूरे साधन और सुविधाएं दी जा रही हैं और निश्चित एक तैयार किये हुए कार्यक्रम के मुताबिक उन स्मगलर्स के खिलाफ एक्शन लिया जा रहा है। माननीय सदस्य ने राजनीतिक इच्छा शक्ति की बात कही है। मैं इनका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि हमारे 20 सूत्री कार्यक्रम का जो 19 वां कार्यक्रम है वह इसी बात के लिये खासतौर से रखा गया है। जो स्मगलर्स हैं जो टैक्स इवेडर्स हैं जो इससे संबंधित का कानून का उल्लंघन करते हैं उनके खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाए, ऐसा इस कार्यक्रम में है।

श्री सदाशिव बागाईतकर : आपके दल में भी है।

श्री सवाई सिंह सिसोदिया : पूरी बात तो सुन लीजिए। आप बोलते ही जा रहे

[श्री सवाई सिंह सिसोदिया]

है । इससे संबंधित जो व्यक्ति हैं उनके खिलाफ एक्शन लेने के लिए निश्चित कार्यक्रम बनाया गया है । यदि माननीय सदस्य चाहें तो जो हमारा चार सूत्री कार्यक्रम है वह देख लें :

1. Strengthening of preventive and intelligence machinery.

2. Intensification of application of the provisions of the COFEPOSA Act.

4. Economic and legislature mea-sureSi-.

4. Bilateral arrangements and co-operation with neighbouring countries.

हर प्रकार से जो एक्शन इस प्रकार की गतिविधियों को रोकने के लिए लिया जा सकता है वह शासन की ओर से लिया जा रहा है और उसके परिणाम भी अच्छे निकले हैं । राजनीतिक इच्छा शक्ति के बारे में जैसा मैंने निवेदन किया है यह हमारी पार्टी का कार्यक्रम है । केन्द्रीय शासन का जो संकल्प है उसमें यह एक महत्वपूर्ण अंग है । उस कार्यक्रम के मुताबिक इस महकमे द्वारा एक्शन लिया जा रहा है ।

बखिया के बारे में माननीय सदस्य ने बहुत कुछ कहा है । यह कहा गया है कि उनके खिलाफ कोई इच्छा शक्ति नहीं थी । राजनीतिक कोई संकल्प नहीं था । उसको पकड़ने की कार्रवाई नहीं की गई । माननीय सदस्य से निवेदन करना चाहता हूं कि 1962 से यानी पिछले 20 साल से यह व्यक्ति इस प्रकार के काम में लगा हुआ है । 1974 में सेंट्रल गवर्नमेंट ने डिटेंशन आर्डर इशू किया । 1975 में इसको पकड़ा गया ।

श्री सदाशिव बागाईतकर : यह एक दिन भी जेल में नहीं रहा । हास्पीटल में ही रहा ।

श्री सवाई सिंह सिसोदिया : इमरजेंसी जब समाप्त हुई उसके बाद यह छूटा है . .

श्री सदाशिव बागाईतकर : मंत्री जी, आपको पता नहीं होगा कि आर्डर आपने निकाले लेकिन वह एक दिन भी जेल में नहीं रहा । वह होस्पीटल में ही रहा ।

श्री सवाई सिंह सिसोदिया : 1975 में यह पकड़ा गया और 1977 में यह छूटा है, consequent to revocation of Emergency.

श्री सदाशिव बागाईतकर : आप रिकार्ड उठा कर देख लें वह हास्पीटल में ही रहा ।

श्री सवाई सिंह सिसोदिया : इसके खिलाफ 1980 में 'काफीपोसा' के अंडर वारण्ट जारी किया गया । कलकत्ता हाई कोर्ट में रिट पेटीशन दायर करके इंजेक्शन आर्डर लिए गए । इस पर गुजरात गवर्नमेंट ने इसके खिलाफ काफीपोसा के अंडर डिटेंशन आर्डर इशू किया । जुडिशियल कमिशनर के सामने लाया गया । गोवा जेल में बन्द रहा लेकिन वहां से वह भाग गया । इसमें जेल के अधिकारियों की गलती है । इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है । इसके बाद पूरे कस्टम डिपार्टमेंट के संबंधित महकमों की सतत कार्रवाई के परिणामस्वरूप उसने सरन्डर किया और उसको गिरफ्तार किया गया । लेकिन जुडिशियल कमिशनर के कोर्ट में काफीपोसा के अंडर गुजरात गवर्नमेंट ने स्टे आर्डर जारी किया जिसमें यह कहा गया कि जब तक रिट पेटीशन का फैसला नहीं होता तब तक गिरफ्तार न किया जाए । लेकिन कस्टम डिपार्टमेंट ने कस्टम्स् एक्ट के अन्तर्गत जो अपराध उसने किए थे उसके संबंध में केस दायर हुए, वारन्ट इसू हुए और गिरफ्तार किया गया । अब फिर

अदालत के आर्डर से अभी दो चार दिन पहले जमानत पर छूटा है। इसमें शासन की ओर से जहां-जहां पर जिन हाई कोर्ट्स में रिट पेटिशन हुए हैं और इन्टैरिम आर्डर हुए हैं उनको एक्जामिन किया गया है और उनको वैकेट करने की कोशिश की जा रही है। शासन की ओर से कोई ढिलाई किसी किस्म की नहीं की गई है। इन्टैरिम आर्डर वेकेट भी किया गया है। जुडिशियल फंक्शनिंग के बारे में इस समय मैं कोई चर्चा नहीं करना चाहता हूं। जब जुडिशियल अथोरिटीज की ओर से इन्टैरिम आर्डर इशू हो जाता है तो महकमे की ओर से, शासन की ओर से, कोई कार्यवाही नहीं हो सकती है जब तक कि उसका निर्णय नहीं हो जाता है। इसलिए बखिया को कोई मदद करने की बात किसी को कल्पना में भी नहीं करनी चाहिए। उसको किसी प्रकार की सहायता देने की बात या ढिलाई की गई हो या कोई एक्शन जो समय पर लेना चाहिए वह नहीं लिया गया हो, इसमें कोई सत्य नहीं है। इसलिए मैं उनके भ्रम को दूर करना चाहता हूं। इसमें जितनी भी रोक की कार्यवाही या गिरफ्तारी रोकी गई है वह हाई कोर्ट के आदेश से हुआ है। उसके अनुसार रोक हुई है। शासन की ओर से कोई ढिलाई का काम नहीं हुआ है।

दूसरी बात उन्होंने गुजरात के किसी माननीय उपमंत्री जी या राज्य मंत्री जी का हवाला देकर कही है, उसके बारे में इस समय मेरे सामने कोई स्टेटमेंट नहीं है। जहां तक हमारी जानकारी है, किसी राज्य मंत्री के स्टेटमेंट से संबंधित या वहां के जो कांग्रेस के प्रैजीडेंट हैं उनके संबंध में कोई बात का ताल्लुक है, यह बात अखबारों में छपी होगी। इस समय यह मेरे सामने नहीं है। लेकिन मैं यह कहना चाहता हूं कि गुजरात के क्षेत्र में या कच्छ के क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति जो स्मलिंग से संबंधित है उसको स्पेयर नहीं किया गया है। उसके खिलाफ जो कार्यवाही हो सकती है वह की गई है।

कंफिसकेशन के बारे में मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि —

Forfeiture of properties under the SAFEMFOPA: Appropriate action was also taken to forfeit the properties of smugglers and foreign exchange rack-eteers under the Smugglers and Foreign Exchange Manipulators Act, 1976 up to April, 19B2. Forefeiture action has been initiated in 2,285 cases, covering properties valued at Rs. 36.91 crores. Orders of forfeiture have already been issued by the competent authorities in 1,322 caseg involving properties valued at Rs. 11.28 crores. And here also some of the parties have gone to the Supreme Court, and they have obtained injunction orders. Therefore, whatever action Government should have taken, it has taken.

श्री सदाशिव डागाईतकर : वह कोर्ट में गया है।

श्री संवाई सिंह सिसोदिया : सुप्रीम कोर्ट में रिट पैंडिंग हैं और जब तक उनका निर्णय नहीं हो जाता, शासन की ओर से जो एक्शन लेना चाहिये वह लिया जा रहा है।

श्री जगदीश प्रसाद माथुर (उत्तर प्रदेश) : श्रीमन्, मेरे सहयोगियों ने बहुत सारी बातें कह दी हैं। उन सब को मैं दोहराना नहीं चाहता हूं। लेकिन यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि यह तस्करी का रोग हमारे देश में बढ़ता जा रहा है। अगर मैं यह कहूं कि भारत में यह तीसरी अर्थ व्यवस्था है तो यह अतिशयोक्ति नहीं होगी। सरकार की गलत नीतियों के कारण करोड़ों रुपया रोज आता है और तस्करी करने वाले करोड़ों रुपयों का

[श्री जगदीश प्रसाद माथुर]

माल देश के अन्दर लाते हैं। इन दोनों विषयों पर आपने प्रकाश नहीं डाला है। जहां तक वेस्ट कोस्ट का सवाल है, मैं इस बारे में दो-तीन बातें पूछना चाहता हूं।

श्री उपसभापति : कालिंग एटेंशन भी वेस्ट कोस्ट के बारे में ही हैं। दुनियां भर की बातें इसमें नहीं हो पाएंगी।

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : दूसरे देशों से भी इस मामले का संबंध है। मैं यह जानना चाहता हूं कि किन-किन देशों से और खास करके किन-किन देशों से सोना और डायमन्ड आ रहा है? सोना और डायमन्ड विशेषतः ऐसी मंहगी चीजें है जिनकी तस्करी खास करके वेस्ट कोस्ट से होती है और यह चीजें दुबाई से आती हैं। आज से नहीं, पिछले 20-25 नहीं 50 सालों से दुबाई इनका सेंटर रहा है। मैं जानना चाहता हूं कि इसको रोकने के लिये आपने क्या किया है? दूसरा, यह भी आपको मालूम है कि पिछले दिनों सोने की तस्करी और बढ़ी है। इसका कारण क्या है? अन्तरराष्ट्रीय बाजार के अन्दर सोने के भाव गिरे क्योंकि रूस को अपने कर्जों को अदा करने के लिये पैसा देना पड़ा, ईरान को देना पड़ा, साउथ अफ्रीका को पैसा देना पड़ा। इसलिए सोने के भाव अन्तरराष्ट्रीय बाजार में पिछले डेढ़, दो सालों में घटे। इस कारण से तस्करी सोना लाने की हुई है। तो मैं आपसे यह कहना चाहता हूं कि जब आपको यह मालूम हुआ कि पिछले दिनों अन्तरराष्ट्रीय बाजार के अन्दर सोने के भाव में गिरावट आई है तो उस समय आपने तुरन्त क्या किया, किन-किन देशों से संबंध स्थापित किया और खासकर इंटरपोल जो है, जो इसका विभाग है उसके साथ क्या क्या संबंध स्थापित किये और क्यों कार्यवाही की?

आप केवल सीमा पर बम्बई का जिक्र कर रहे हैं। आपको मालूम है कि कोलाबा के अन्दर में जो बस स्टेशन है वहां पर दिन दहाड़े यह होता है। मैं नाम इसलिये ले रहा हूं जिससे आप उस अड्डे को पकड़ लें। हफ्ते में कम से कम तीन बार यह घटना होती है। पुलिस वालों को पड़ोसी फोन करते है और पुलिस वाले पहुंचते ही नहीं। जब सारा माल चला जाता है तब चार-छः घंटे के बाद पुलिस आपकी पहुंचती है। मैं पूछना चाहता हूं कि आपने बड़ा पक्का इंतजाम किया है लेकिन आप बम्बई के बाजार में जाइये, फोर्ट एरिया में खुले बाजार में मिले ना तस्करी का सामान बिकता हुआ। इसका आपने क्या किया? कौन लोग आपने पकड़े हैं? किन लोगों को पकड़ा है? तमाम सामान जो बिकता है उसको आप पकड़ते नहीं और आपके आफिसर मिले हुए हैं। मैंने यह नहीं कहा कि आप की इच्छा शक्ति नहीं होगी, लगता है, है। लेकिन कहना चाहता हूं कि नहीं है। आपके 20-सूत्री प्रोग्राम के अन्दर यह है। लेकिन कारण क्या है? आपके आर्गनाइजेशन का ढांचा इतना भ्रष्ट है आपके ऊपर के श्री प्रणब बाबू और आपकी इच्छा शक्ति होते हुए भी नीचे के जो आपके कार्यकर्ता और नेता है वह तस्करों का साथ देते हैं, तस्करी से खाते हैं और तस्करी से कमाते हैं। इसको रोकने के लिये आप क्या करेंगे यह आप बता दीजिये कि किन राजनैतिक कार्यकर्ताओं, चाहे वह किसी भी दल के हों, जो तस्करी से संबंधित हैं, आपने ऐसे कितने लोगों को पकड़ा है। नेपाल बार्डर... (व्यवधान) ...यही मैं पूछ रहा हूं कि अगर कांग्रेस (आई) को न पकड़ो तो दूसरों को पकड़ो।

Not even one political worker has been arrested. They are all there.

मैं उदाहरण देता हूं । अभी जैसलमेर . . .

श्री उपसभापति : उनको पकड़ेंगे तो कहेंगे कि पोलिटिकली किया है . . . (**व्यवधान**) . . .

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : कांग्रेस (आई) की बात कर रहा हूं । अभी आपके मंत्री हैं, हैल्थ मिनिस्टर हैं राजस्थान में . . . . (**व्यवधान**) . . . हैल्थ मिनिस्टर हैं । 9 जुलाई को जैसलमेर गये । वहां पर तस्करों ने उनका स्वागत किया, दावत उड़ाई, ये कौन हैं । ये ऐसे पोलिटिकल नेता नहीं जैसे आप और हम हैं । ये पुराने आई० पी० एस० आफिसर हैं जो पहले प्रोविंसियल सर्विस के आदमी थे । वह आज आपके मंत्री है । वह तस्करों के साथ खाना खाते हैं । 9 जुलाई की बात कर रहा हूं । आप कहते हैं कि इच्छा शक्ति है । कहां इच्छा शक्ति है ? आपको मालूम था कि बखिया के श्वसुर साहब जो हैं उनकी बोट है, लौंच है । चन्द्रसागर नाम की बोट कब से चल रही है लेकिन बोट अब पकड़ी गई । लेकिन चन्द्रसागर जो है वह उसके श्वसुर के नाम से रजिस्टर्ड है जो कि वर्षों से चल रही थी । क्यों नहीं पकड़ा आपने ? कारण क्या है ? आफिसर मिले हुए हैं, नेता मिले हुए हैं ।

अब मैं दूसरी तरफ आता हूं । आप कहेंगे संबंधित नहीं है, जवाब न दीजिये । लेकिन मत दीजिये जवाब । पंजाब से तस्करी हो रही गेहूं तथा शूगर वहां से जाता है । चीनी कहां से जाती है, वह जाती है मुजफ्फरनगर से । अगर आप कहेंगे तो मैं आपको नेताओं के नाम बता दूंगा कि फलां फलां हैं और फलां फलां दिन शूगर गई । ऐसे ही वहां से माल आता है । बंगाल के बार्डर पर और पाकिस्तान के बार्डर पर यह खेल है जो ये खेलते हैं । इसमें आपके आफिसर भी शामिल हैं, पाकिस्तान के आफिसर भी शामिल हैं और बंगलादेश के आफिसर भी शामिल हैं । रेल के डिब्बे आते हैं । रेल के डिब्बों में जो लकड़ियां लगी हुई हैं उनको ये ढीली रखते हैं और उसके अन्दर सामान भरा रहता है और वह भर लाते है उसमें कपड़ा और वी० डी० ओ० और वह यहां आ जाता है । बीच में दिखाने के लिये हो जाता है कि चेकिंग हो गई । बार्डर क्रास किया और सामान चला जाता है । आपने इसमें किनको पकड़ा है । कोई नहीं पकड़ा है अभी । मेरे मित्र ने अभी एक नाम लिया । लेकिन अगर मैं नाम लूंगा तो वे भड़क जायेंगे गलाधारी ब्रादर्स का । कौन नहीं जानता गलाधारी ब्रादर्स स्मगलर्ज हैं । उनसे आपने ठेका किया है । मैं अपने जानकार सूत्रों से कह सकता हूं । आज कई करोड़ रुपया छिपा कर गलाधारी ब्रादर्स दे रहे हैं पार्टी के फन्डमें । आप का जो होटल बन रहा है, दैट इज विइंग फाइनेंस्ड बाई देम । (**व्यवधान**) आपने गलाधारी ब्रादर्स को (**व्यवधान**) मेरी बात आप सुनिये । और आप कहते हैं कि राजनीतिक इच्छा शक्ति है अगर होती तो आप कहते कि नहीं हम राजनीतिक आधार पर, गलत आधार पर . . . (**व्यवधान**)

श्री उपसभापति : बहुत सवाल हो गये, अब उनको जवाब देने दीजिये ।

श्री अरविन्द गणेश कुलकर्णी (महाराष्ट्र) : मैं आपको खाली सबमिट करता हूं । माथुर साहब । यह क्या राम राज्य है। यह आदमी लोग चलाने वाले हैं इसलिये ऐसे ही चलने वाला है ।

श्री उपसभापति : आप कुलकर्णी जी का जवाब मत दीजिये। आप अब समाप्त करें।

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : जो मेरी और इनकी बात हुई।

श्री उपसभापति : उसको छोड़िये आप।

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : आप कहते हैं कि इच्छा शक्ति है, अगर इच्छा शक्ति होती तो यह जितने स्मगलर्ज हैं उन के खिलाफ जो मुकदमें है वे आप वापिस क्यों लेते ? आपने मुकदमें वापिस लिये हैं। तो मेरा कहना यह है कि आज अपनी राजनीतिक इच्छा शक्ति 19-20 नम्बर का सूत्र है वह न रख कर अपने दल के भीतर, शासन के भीतर लाइये तब कुछ होगा।

श्री सवाई सिंह सिसोदिया : सर्वप्रथम यह गलाधारी ब्रादर्स के बारे में जो उन्होंने गलत आक्षेप लगाये हैं उनका मैं खंडन करता हूं। गलाधारी ब्रादर्स से करोड़ों रुपया चन्दा लेने वाली बात बेबुनियाद मनघड़त और झूठ है। इस प्रकार की बिना किसी आधार के ऐसी कोई बात कहना किसी भी व्यक्ति को शोभा नहीं देता। मेरा निवेदन यह है कि यह सब गलत है। इस प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं हुई है गलाधारी ब्रादर्स के बारे में सुप्रीमकोर्ट में केस पेंडिंग चल रहा है। इसलिये भी उसकी कोई चर्चा यहां नहीं हो सकती और जो भ्रष्टाचार की बात उन्होंने उठाई है उसका मैं जोरदार शब्दों में खंडन करता हूं। राजस्थान के किसी मंत्री का हवाला दे कर कहा, राजस्थान के किसी मंत्री के वक्तव्य के बारे में कोई उन्होंने प्रस्तुत नहीं किया है और इस समय मेरे सामने नहीं है हमारी जानकारी में ऐसी कोई बात इस समय नहीं है। यह बिलकुल गलत है मैं उसका भी खंडन करता हूं। दूसरा जो प्रश्न सोने के बारे में उठाया है सोने के तस्करी के बारे में सवाल उठाया है, मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि यह बात सही है कि सोने का जो भाव हमारे यहां है और जो इंटरनेशनल प्राइस है उसमें काफी अन्तर है और इसी वजह से ही स्मगलिंग होती है और पिछले दिनों में इस विषय में काफी वारदातें सोने की स्मगलिंग की हुई हैं और शासन ने समुचित कार्यवाही उनके खिलाफ, स्मगलर्ज के खिलाफ की है और उसका परिणाम यह है कि जो आंकड़े मैंने आपके सामने प्रस्तुत किये हैं सोने के संबंध में उनसे जाहिर होता है कि शासन की ओर से तुरन्त एक्शन इसमें लिया गया है और यही कारण है कि सिर्फ मई, 1982 तक पांच करोड़ 68 लाख रुपये का सोना जब्त किया है। अगर एक्शन न लिया होता और शासन सतर्क न होता तो पिछले वर्ष के आंकड़ों के मुकाबले में आप देख सकते हैं कि इसमें तुरन्त कार्यवाही की गई है और किसी को भी स्पेयर नहीं किया गया जहां तक सोने का संबंध है,... **(व्यवधान)**

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : क्या करेंगे उसका **(व्यवधान)**

SHRI SAWAI SINGH SISODIA From December, 1980 to today there has been an increasingly attractive margin of profit for smuggling gold into the country due to the continu ous fall in international price. In De cember, 1980 the average margin ol profit of gold being smuggled into India was Rs. 98 per ten gTamrr^ This rose in January, 1981 and fluctu ated in the region' of Rs. 150 to Rs. 250 per ten grammes till Decem ber, 1981. During January, 1982 thr average margin of profit for gold be ing smuggled into India was Rs. *32S* per ten, grammes and stood at about Rs. 317 per ten grammes during Janu ary, 1982.

इन्हीं हालात की वजह से स्मगलिंग का जिन ज्यादा लोगों ने इसमें सहारा लिया है, उनके खिलाफ तुरन्त एकशन लिया गया। काफेपोसा के बारे में जिक्र किया है। मैं निवेदन करना चाहता हूं कि शासन की ओर से कस्टम डिपार्टमेन्ट, पुलिस डिपार्टमेन्ट के कर्मचारियों और अधिकारियों को भी इसमें नहीं छोड़ा गया, उनका हाथ पाया गया तो उनके खिलाफ भी काफेपोसा के वारण्ट इश्यू किये गये हैं। यह फिगर्स की मोटे तौर पर जानकारी मैं रखना चाहता हूं।

The all India figure of orders issued under COFEPOSA is 354 in 1980; the number' of persons detained in that year was 298; orders issued in 1981 were 360 and the persons detained were 265; orders issued in 1982 upto 3-7-1982 were 292 and persons detained are 264. I have State-wise break ttp also..

मैं सदन की जानकारी के लिए इसमें वह भी प्रस्तुत करना चाहता हूं...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: That is not necessary.

SHRI SAWAI SINGH SISODIA: As on 3-7-82, there were 240 persons in actual detention.

यह 240 है और जो कस्टम और पुलिस के अधिकारी हैं उनको भी काफेपोसा एक्ट के अंतर्गत गिरफ्तार किया गया। आपने कहा,

Then what measures have been taken against persons who are selling on foot-path? In view of this open display and sale of smuggled goods, specially in the metropolitan cities, collectors were directed to conduct concerted drive to step up the raids and search on shops and stalls known to be dealing in such goods in the principal markets of the major cities.

During, 1981, such raids and searches were conducted on all India basis coordinated by the DRJ, the operations covering cities such as Bombay, Delhi, Calcutta, Madras, Bangalore, Pune etc. resulted in the search of 2289 shops and stalls leading to seizures valued at about Rs. 49.70 lakhs. During the first 5 months of 1982, 995 such raids and searches were conducted yielding goods valued at Rs. 41.37 lakhs. During the corresponding period of 1981, 1202 such raids and searches yielded goods valued at Rs. 14.26 lakhs, showing an increase by 190 per cent in the resultant seizures.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: He has refuted it.

श्री पी० एन० सुकुल (उत्तर प्रदेश) : उपसभापति महोदय, एक क्लेरिफिकेशन इसी से संबंधित है माथुर साहब ने अभी पूछा था और मंत्री जी ने जवाब दिया था। श्रीमन्, माथुर साहब ने कहा कि गलाधारियों से लाखों रुपया चन्दा सरकार ने लिया... (व्यवधान) आपने कहा कि सरकार ने नहीं लिया। क्या आप यह कह सकते हैं कि आपके पहले जो जनता सरकार थी, उसने भी नहीं किया ? अटल बिहारी बाजपेयी और मोरारजी देसाई दोनों ने मिलकर ... (व्यवधान) पिछली सरकार ने भी नहीं लिया ...(व्यवधान)

श्री उपसभापति : हो गया, आपने कह दिया, छोड़ दीजिए...आप शांत रहिए।

श्री पी० एन० सुकुल : क्योंकि माथुर साहब की अपनी पार्टी का सवाल है...

SHRI P. N. SUKUL: It is very important and very relevant.

SHRI DINESH GOSWAMI (Assam); Mr. Deputy Chairman, even if one goes through the written statement of the hon. Minister, it Is appa-irent that smuggling on the west

[Shri Dinesh Goswami] coast is on the increase because according to his statement whereas in 1981 the seized goods from the west coast valued at about Rs. 19 crores, in the first five months of 1982 goods worth about the same value were seized. It is also a fact that black money arising out of smuggling and sale of smuggled goods is a crucial problem for the economy of our country. Further, however much one may deny, the evil effect of smuggling on the political system in our country is becoming a real threat. It cannot also be denied that what we see is only the tip of the iceberg because only a small fraction of the smuggled goods is seized. A large percentage of smuggled goods is not seized and it goes out of detection of the Government. The very last statement of the hon. Minister was that more than 2,000 shops are involved in the sale of smuggled goods. If you go to the Delhi market, you will find that smuggled goods are sold in the open. This is so in Calcutta also. I often go to Assam by rail and on the way I find lot of smuggled goods in many of the railway stations in the north eastern region. They are all smuggled from China and are sold in the open. The entire Government machinery is showing total disregard to •this. It is also a fact that Bhakia has escaped from the jail. After he has granted bail. Can you ex-1 P.M. surrendeed, Sir, he haa been pect, in any other case even, even in a case of a petty theft, that a person who has escaped from jail and who has surrendered, would be allowed to go on bail, on a bail of ten thousand rupees? After all, the judiciary is itself a part of the administrative machinery. Therefore, if a person who escapes from the jail, about which so much has been written in the country, if he comes and surrenders and is allowed to go on a bail of ten thousand rupees, then one must also have a reasonable suspicion that the net of the smuggling or the net of the smugglers not only encompasses the political personalities, but also the judicial fieki^ and that there is also a possibility that their net encompasses the judicial field and that makes us all greatly worried. Therefore, I would like to knOw one or two things. Because the time is short I would straightway come *io* some of the questions. Smuggling, after all, cannot be a one-way operation. It involves the other countries, two more countries or more than two countries, and many of the smugglers are big operators. Have you been able to identify the links of the top operators of our country with the top operators of the other countries and have you been able to find out as to how the transfer of money and the materials takes place? I am asking this question because, after all. it is no use just arresting the person who is coming in a car because the smaller fish are always allowed to be arrested. Therefore, I would like to know whether the linkage has been established and whether you have been able to find out how the transfer in terms of goods as well as finance is taking place.

Then, Sir, my second question is this. Have you been able to make any asessment of the total amount involved in the smuggling in the country? What you have seized is only a tip of the iceberg. In other to arrest the effect of smuggling on the economy, on the total economy, of the country, have you been able to make any assessment of the total amount involved in smuggling? At least insofar as it relates to West Coast, will you give us some figures particularly with regard to this area as to what your assessment is of the total amount involved in the smuggling operations in the West Coast area? If you are not able to make any such assessment, then the Finance Ministry's calculations in many fields are likely to go awry and, therefore, I would like to know whether you have been able to make any assessment and, if so, what the asessment is in this regard.

